देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 264 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...
कर्ज कम करने का रास्ता



# पेज थ्री

देहरादून, बुधवार, 31 जनवरी 2024



मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 9.0°

71139.9

2 इमरान और कुरैशी को लगा बड़ा झटका
7 बेटे से बात करने को तरस रहे शिखर

# अब 1 घंटे में पहुंच सकते है पिथौरागढ़ से दून

## सीएम ने किया नैनी सैनी एयरपोर्ट से पिथौरागढ़–देहरादून हवाई सेवा का शुभारंभ

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नैनी सैनी एयरपोर्ट से पिथौरागढ़–देहरादून हवाई सेवा का शुभारंभ किया व स्वयं भी हवाई जहाज में बैठकर देहरादून रवाना हुए। मुख्यमंत्री ने इस हवाई सेवा प्रारंभ होने पर सभी को बधाई दी उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा उत्तराखंड धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण राज्य है। यहां पर धार्मिक पर्यटन व प्राकृतिक पर्यटकों का आना–जाना सहजता से हो, इसके लिए हवाई सेवा अति आवश्यक है। पहले पिथौरागढ़ से देहरादून, दिल्ली जाने में 17 घंटे लगते थे। मोदी के प्रयास से ऑल वेदर सड़क बनने से देहरादून, दिल्ली 11 घंटे लगते हैं, सीमांत जिले में हवाई सेवा प्रारंभ होने के बाद 1 घंटे में देहरादून पहुंच सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया जा रहा है, इसके लिए नये टर्मिनल का निर्माण किया जा रहा है। पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा ओएलएस सर्वे कर लिया गया है। पहले जौलीग्रांट एयरपोर्ट से देहरादून–अल्मोड़ा–पिथौरागढ़ के मध्य हेली सेवा की शुरूआत की गई थी, इसको भी नियमित करने की सरकार की योजना है। निकट भविष्य में चिन्यालीसौड़ व गौचर से छोटे एयर क्राफ्ट की सेवाओं को शामिल करने के संबंध में भी कार्य किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश और जागेश्वर धाम के दर्शन करने के बाद आदि कैलाश और जागेश्वर धाम में पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। प्रधानमंत्री उत्तराखंड के पर्यटक स्थलों को देश विदेश में नई पहचान दिला रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह हवाई सेवा जनपद पिथौरागढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सेवा अभी सप्ताह में तीन दिन के लिए शुरू हुई है, बाद में इसे 05 दिन किया जायेगा। आने वाले समय में पिथौरागढ़ से हिंडन के लिए हवाई सेवा शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से अनुरोध किया।



### स्थानीय लोगों के साथ–साथ पर्यटकों को भी मिलेगा लाभः सिंधिया

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार विकास के लिए हर संभव निरंतर प्रयास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा उत्तराखंड देवभूमि है, व उत्तर भारत का प्रवेश द्वार है उत्तराखंड से मेरा हृदय से जुड़ाव है। मेरे 5 वर्ष उत्तराखंड में ही बीते हैं। उन्होंने कहा कुमाऊं और गढ़वाल दोनों विमान सेवा से जुड़े रहे हैं, यह हमारे लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि अभी 19 सीटर जहाज संचालित किया जा रहा है। जो सप्ताह में तीन दिन सोमवार, मंगलवार व शुक्रवार को चलाई जा रही है, 1 घंटे में पिथौरागढ़ से देहरादून पहुंच जाएगा। इससे स्थानीय लोगों के साथ–साथ पर्यटकों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य में किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

### सांसद अजय टम्टा ने दून हवाई सेवा प्रारंभ होने पर दी बधाई

सांसद अजय टम्टा ने कहा मंगलवार को ऐतिहासिक दिन है उन्होंने पिथौरागढ़ से देहरादून हवाई सेवा प्रारंभ होने पर सभी को बधाई दी। उन्होंने मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री नागरिक उड्डयन के विशेष प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने आने वाले समय में पिथौरागढ़ से देहरादून 3 दिन बढ़कर 5 दिन हवाई सेवा बढ़ाने व पिथौरागढ़ से दिल्ली को हवाई सेवा से जोड़ने का आग्रह किया। कार्यक्रम में सचिव शैलेश बगौली ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए हवाई सेवा प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व नागरिक उड्डयन मंत्री का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### आप–कांग्रेस गठबंधन की करारी हार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

चंडीगढ़। 2024 पंजाब–हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को कड़ी सुरक्षा में मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के पद पर चुनाव हुआ है। भाजपा के मनोज को 16 वोट और आप के कुलदीप 12 वोट मिले हैं। बाकी वोट रद कर दिए गए। आप नेता राघव चड्ढा, कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला व पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन कुमार बंसल पिछले कई दिनों से अपने–अपने दल के पार्षदों को एकजुट करने में लगे रहे।

### सपा ने 16 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट की जारी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी के मंगलवार को उत्तर प्रदेश की 16 लोकसभा सीटों से उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की है। मैनपुरी से डिम्पल यादव को टिकट दिया गया है। बदायूं लोकसभा सीट से धर्मेंद्र यादव, एटा से देवेश शाक्य, उन्नाव लोकसभा सीट से सपा ने अन्नू टण्डन पर दांव खेला है।

# महागठबंधन को नीतीश कुमार की जरूरत नहीं

## पूर्णिया में राहुल गांधी ने नीतीश कुमार पर साधा निशाना

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार ने 9वीं बार मुख्यमंत्री की पद की शपथ लेते हुए आईएनडीआई गठबंधन को करारा झटका दे दिया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की अगुवाई कर रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को पूर्णिया में जनता को संबोधित किया। नीतीश कुमार से नाता तोड़ने के बाद एनडीए में शामिल हुए नीतीश कुमार के खिलाफ राहुल गांधी ने बिना नाम लिए उनपर निशाना साधा।

राहुल गांधी ने कहा कि थोड़ा सा दबाव और उन्होंने यू–टर्न ले लिया। लेकिन दबाव क्यों? क्योंकि हमारा गठबंधन उन मुद्दों को उठा रहा है जो लोगों के लिए मायने रखते हैं।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आगे कहा कि महागठबंधन बिहार में सामाजिक न्याय के लिए लड़ाई जारी रखेगा और गठबंधन को इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जरूरत नहीं है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि दलितों और पिछड़े वर्गों को देश के सभी क्षेत्रों में उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है।

राहुल गांधी ने आगे कहा, महागठबंधन बिहार में सामाजिक न्याय के लिए लड़ेगा। हमें उस उद्देश्य के लिए नीतीश कुमार की आवश्यकता नहीं है, हमें उनकी बिल्कुल भी आवश्यकता नहीं है। कांग्रेस महागठबंधन का हिस्सा है, जिसमें राजद और वामपंथी दल भी शामिल हैं।

### बीजेपी नहीं चाहती थी कि बिहार में जातिगत जनगणना हो

राहुल गांधी ने आगे सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए सवाल पूछा, नीतीश जी कहां फंसे? हमने नीतीश जी से कहा था कि आपको बिहार में जातिगत जनगणना करवानी होगी, हम आपको छूट नहीं दे सकते। लेकिन बीजेपी नहीं चाहती थी कि बिहार में जातिगत जनगणना हो, क्योंकि वे देश को सच बताने से डरते हैं। बीजेपी नहीं चाहती कि जनता का ध्यान सामाजिक न्याय पर जाए। इसलिए बीजेपी ने नीतीश जी को बीच से निकलने का रास्ता दे दिया और नीतीश जी उस रास्ते पर निकल गए। नीतीश जी यहां फंस गए।

# सीएम हेमंत सोरेन से फिर चलेगा सवालों का सिलसिला

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

रांची। कई घंटों तक चले सस्पेंस के बाद आखिरकार झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को सामने आ ही गए। अब उनके सामने आने के बाद प्रवर्तन निदेशालय सोरेन के साथ सवालों का सिलसिला फिर से शुरू करेगा। जमीन घोटाले से जुड़े एक मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत दर्ज केस में ईडी हेमंत सोरेन से पूछताछ करना चाहती है। अब ईडी ने हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए तारीख और समय मुकर्रर कर दी है। ईडी की टीम इस केस में पहले भी हेमंत सोरेन से पूछताछ कर चुकी है और अब नए सवालों का सिलसिला वहीं से शुरू होगा जहां पर वो खत्म हुआ था।

सूत्रों ने कहा है कि ईडी की टीम अब इस केस में दोबारा सीएम हेमंत सोरेन से अब बुधवार को रांची में सवाल–जवाब करेगी। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में ईडी की टीम ने हेमंत सोरेन के घर की तलाशी ली थी और वहां से पुलिस ने 36 लाख रुपये कैश, एसयूवी और कुछ अहम दस्तावेज जब्त किए हैं।

### शिकंजा

- ईडी ने मुकर्र कर दी तारीख और समय

### दुनिया बापू के आचार–विचार का करती है अनुसरणः सोरेन

मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका परिसर में मीडिया के प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संबोधित किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे बापू महात्मा गांधी की पुण्यतिथि है और आज के दिन पूरा सत्ता पक्ष यहां पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रहा है। हमें गर्व है कि ऐसे लोग हमारे बीच में जन्मे और हमें मार्गदर्शन दिया। देश–दुनिया सभी बापू के आचार–विचार का अनुसरण करती है।

ईडी ने बताया है कि वो अपने एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से शिबू सोरेन के आवास पर 31 जनवरी को दोपहर 1 बजे के पहले जाएगी।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# उत्तर भारत में जारी रहेगा सर्दी का सितम


### 31 जनवरी तक नहीं मिलेगा शीतलहर से छुटकारा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि बुधवार और शुक्रवार को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अलग–अलग हिस्सों में सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। वहीं, शनिवार को भी कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाया रहेगा। हालांकि, आईएमडी ने जानकारी दी है कि अगले पांच दिनों के दौरान देश के किसी भी हिस्से में शीत लहर की संभावना नहीं है।

मौसम पूर्वानुमान एजेंसी के मुताबिक, अगले छह दिनों के दौरान जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि कश्मीर घाटी, हिमाचल प्रदेश में अलग–अलग स्थानों पर भी भारी बारिश बर्फबारी की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि कश्मीर घाटी, हिमाचल प्रदेश में बुधवार और गुरुवार को और उत्तराखंड में भी बुधवार को भारी बारिश बर्फबारी होने की संभावना है।

## न्यूज डायरी



### मुइज्जू को हटाने के खिलाफ महाभियोग ला रहा विपक्ष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माले। मालदीव की सरकार में शामिल दलों– प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) ने महाभियोग प्रस्ताव के लिए विपक्ष की कड़ी आलोचना की है। पीपीएम और पीएनसी गठबंधन के नेताओं ने कहा है कि वो संसद में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को हटाने के प्रयासों को आगे नहीं बढ़ने देंगे। सत्ताधारी एलायंस का ये बयान ऐसे समय आया है जब मालदीव की मुख्य विपक्षी पार्टी एमडीपी ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने की बात कही है। एमडीपी को इस प्रस्ताव के लिए डेमोक्रेट्स का भी साथ मिल रहा है। पीपीएम संसदीय समूह के नेता अहमद सलीम (रेडवेव सलीम) ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि गठबंधन राष्ट्रपति मुइज्जू को उनके पद से हटाने के एमडीपी के किसी भी प्रयास को असफल करेगा। हम उन्हें महाभियोग प्रस्ताव पर आगे बढ़ने का कोई मौका नहीं देंगे। राष्ट्रपति को पद से हटाने के बारे में सोचने से पहले उन्हें हम सभी को मारना होगा। हम अपने रहते मुइज्जू को पद से हटने नहीं देंगे। चीन समर्थक राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों की मंजूरी पर मतभेदों को लेकर सरकार समर्थक सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच रविवार को संसद में झड़प होने के एक दिन बाद मालदीव की राजनीति में तेजी से घटनाक्रम बदला है। संसद में हंगामे के बाद विपक्ष ने महाभियोग लाने का ऐलान किया है।

### सुरक्षा अधिकारियों ने बलूचिस्तान प्रांत की माच जेल पर कई हमले को किया नाकाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने सोमवार रात अशांत बलूचिस्तान प्रांत में माच जेल पर भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के साहसिक हमले के बाद रॉकेट और अत्याधुनिक हथियारों से तीन समन्वित हमलों को विफल कर दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि 15 रॉकेटों ने सेंट्रल माच जेल को निशाना बनाया, जहां कुछ खतरनाक आतंकवादियों और मौत की सजा पाए कैदियों को कैद किया गया है। अपुष्ट रिपोर्टों में कहा गया है कि हमले में कम से कम दो पुलिसकर्मी मारे गए, जबकि एक ट्रक चालक घायल हो गया, लेकिन हताहतों या चोटों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई। रॉकेट पास के पहाड़ों से दागे गए और माच शहर के विभिन्न इलाकों में विस्फोट हुए। रॉकेट दागने के बाद आतंकियों ने सेंट्रल जेल के पास सुरक्षा बलों के कैंप पर हमला किया और माच रेलवे स्टेशन में भी घुस गए। अधिकारी ने कहा कि गोलीबारी जारी रहने के बाद लोगों को घर के अंदर रहने के लिए लाउडस्पीकर से घोषणा की गई। बलूचिस्तान के सूचना मंत्री जान अचकजई ने कहा, उन्होंने माच जेल की इमारत पर रॉकेट दागे लेकिन लक्ष्य पर निशाना नहीं साध सके। बलूचिस्तान में जेल महानिरीक्षक शुजा कासी ने पुष्टि की कि रॉकेट माच जेल की आवासीय कॉलोनी की दीवारों पर गिरे।

### अमेरिका के पर्डयू विश्वविद्यालय में मिला भारतीय छात्र नील आचार्य का शव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इंडियाना। लापता पर्डयू विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले एक भारतीय छात्र की मौत हो गई है। टिप्पेकेनो काउंटी कोरोनर कार्यालय के अनुसार, सुबह 11 बजे अधिकारियों ने पर्डयू के परिसर में एक शव की पहचान की। मृतक छात्र की पहचान नील आचार्य के रूप में की गई है। दरअसल, रविवार को मृत छात्र की मां गौरी आचार्य ने सोशल मीडिया (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट कर अपने बेटे को ढूंढने की अपील की थी। उन्होंने पोस्ट में लिखा, हमारा बेटा नील आचार्य कल 28 जनवरी दोपहर 12:30 से लापता है और वह अमेरिका में पर्डयू विश्वविद्यालय में पढ़ रहा है। उसे आखिरी बार उबर ड्राइवर ने देखा था जिसने नील को पर्डयू विश्वविद्यालय छोड़ा था। हम उसके बारे में कोई भी जानकारी ढूंढ रहे हैं। अगर आप कुछ जानते हैं तो कृपया हमारी मदद करें। शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर उनके पोस्ट का जवाब देते हुए कहा, श्वाणिज्य दूतावास पर्डयू विश्वविद्यालय के अधिकारियों और नील के परिवार के साथ भी संपर्क में है। वाणिज्य दूतावास हर संभव समर्थन और मदद देगा।

# इमरान खान और शाह महमूद कुरैशी को लगा बड़ा झटका


**झटका**

## विशेष अदालत ने 10-10 साल की सजा सुनाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पीटीआई नेता और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान एवं उनके बेहद करीबी शाह महमूद कुरैशी को साइफर केस में ऑफिशियल सीक्रेट ऐक्ट के तहत 10–10 साल जेल की सजा सुनाई गई है। इस मामले की सुनवाई कर रही विशेष अदालत के जज अब्दुल हसनत जुल्करनैन ने आज यह फैसला सुनाया है। इमरान खान रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं और वहीं पर इस मामले में फैसला सुनाया गया। विशेष अदालत के इस फैसले को इमरान खान के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है जो अभी भी चुनाव लड़ने का ख्वाब देख रहे थे। माना जा रहा है कि 10 साल जेल की सजा के बाद अब इन दोनों के ही चुनाव लड़ने का रास्ता बंद हो गया है।

हालांकि अभी भी इमरान खान इस सजा को उच्च अदालतों में चुनौती दे



सकते हैं लेकिन सेना के साथ चल रहे तनाव की वजह से उन्हें राहत मिलने की उम्मीद बहुत कम है। सुनवाई के दौरान जज ने कहा कि इमरान खान के वकील पेश नहीं हो रहे हैं और उन्हें सरकारी वकील दिया गया है। वहीं पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी ने इस पर सवाल किया कि जब उनके वकील मौजूद नहीं हैं तो वह कैसे अपना बयान दर्ज करा सकते हैं। जेल के अंदर ही यह सुनवाई की गई। चुनाव से ठीक पहले इमरान खान की पार्टी से उसका चुनाव चिन्ह बल्ला भी ले लिया गया था।

बता दें कि पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले देश के सबसे बड़े शहर कराची में तनाव बढ़ रहा है। राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा चुनाव में एक–दूसरे को पटखनी देने में जुटे दलों के बीच पहले ही कई बार झड़प हो चुकी हैं। नाजिमानाड में हिंसक झड़पें हुईं। झड़प के दौरान पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के कार्यकर्ताओं के साथ हुई गोलीबारी में मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम पाकिस्तान) के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

एक दिन पहले रविवार को क्लिफ्टन इलाके में, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) पार्टी की एक चुनावी रैली के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले दागे और कार्यकर्ताओं को जबरन तितर–बितर कर दिया। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 25 लोग घायल हो गये। दक्षिणी प्रांत सिंध, विशेष रूप से पाकिस्तान के आर्थिक केंद्र कराची में सियासी माहौल गर्म है और सभी दल एक दूसरे से जमकर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। कराची पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) का गढ़ माना जाता है।

## चीन में महसूस हुए तेज भूकंप के झटके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन के शिनजियांग में मंगलवार को तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.7 मापी गई है। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र के मुताबिक, सुबह 6रू27 बजे शिनजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र के अक्की काउंटी में आए भूकंप का केंद्र 41.15 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 78.67 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने पुलिस के हवाले से बताया कि किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। समाचार एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, बचाव कार्यों के लिए दो वाहनों और 10 कर्मियों को सेवा में लगाया गया है। फिलहाल किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। चीन के किर्गिस्तान–झिंजियांग सीमा क्षेत्र में बीते मंगलवार को 7.1 तीव्रता का तेज भूकंप आया। जोरदार झटकों से कई लोगों के घायल होने और घरों के ढहने की खबर भी सामने आई थी। उस दौरान कुछ ही देर में लगभग 40 झटके महसूस किए गए थे। चीन के वीबो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नेटिजेंस ने बताया कि भूकंप उरुमकी, कोरला, काशगर, यिंग और आसपास के इलाकों में जोरदार महसूस किया गया।



### वेस्ट बैंक में अस्पताल पर इजरायली सेना का हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रामल्ला। इजरायली सेना ने मंगलवार को कहा कि सैनिकों ने हमास के आतंकवादियों को निष्प्रभावी कर दिया, जो कब्जे वाले वेस्ट बैंक शहर जेनिन के एक अस्पताल में छिपे हुए थे और एक आसन्न हमले की योजना बना रहे थे। सेना ने एक व्यक्ति की पहचान जेनिन के 27 वर्षीय मोहम्मद जालमनेह के रूप में की, जिसके बारे में उसने कहा कि उसका विदेश में हमास मुख्यालय से संपर्क था और वह 7 अक्टूबर के नरसंहार से प्रेरित एक हमले की योजना बना रहा था। इजरायली सेना ने कहा कि दो अन्य इलाके के आतंकवादी थे। सेना ने कहा, जलमनेह ने तत्काल भविष्य में एक आतंकवादी हमले को अंजाम देने की योजना बनाई और अस्पताल को छिपने की जगह के रूप में इस्तेमाल किया और इसलिए उसे मार गिराया गया।

# भारतीयों को वीजा देने में अमेरिका ने बनाया रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। अमेरिकी दूतावास ने बताया है कि दुनिया में हर 10 अमेरिकी वीजा चाहने वालों में से एक भारतीय है। अमेरिका में प्रवेश के लिए वीजा चाहने वाले देश के लोगों की संख्या 2022 की तुलना में साल 2023 में 60 फीसदी बढ़ गई है। अमेरिकी दूतावास ने सोमवार को नई दिल्ली में ये बताया है। दूतावास ने एक प्रेस नोट में बताया है कि भारत में अमेरिकी कांसुलर टीम ने 2023 में रिकॉर्ड 1.4 मिलियन अमेरिकी वीजा जारी किए हैं। बीते साल भारत में अमेरिकी कांसुलर टीम ने 1,40,000 से ज्यादा छात्र वीजा भी जारी किए। ये दुनिया के किसी अन्य देश की तुलना में सबसे ज्यादा हैं और लगातार

- एक लाख चालीस हजार छात्रों को मिला वीजा

तीसरे साल ऐसा हुआ है।

अमेरिकी एंबेसी ने बयान में कहा है कि भारत के चार शहर मुंबई, नई दिल्ली, हैदराबाद और चेन्नई दुनिया में शीर्ष चार छात्र वीजा प्रोसेसिंग पोस्ट में हैं। 2022 की तुलना में आवेदनों में 60 फीसदी की वृद्धि के साथ सभी वीजा श्रेणियों में मांग अभूतपूर्व थी। विजिटर वीजा के भी 700,000 से अधिक आवेदन आए। अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों ने इस मांग को साल की शुरुआत में मुंबई में तीन महीने तक स्टाफ बढ़ाकर, स्थायी कर्मचारियों के स्तर में वृद्धि और नवीन तकनीकी समाधानों के माध्यम से पूरा किया। वीजा प्रक्रिया में सुधार और स्टाफ बढ़ाने जाने की वजह से देशभर में विजिटर वीजा के लिए नियुक्ति प्रतीक्षा समय भी औसतन 1,000 दिनों से घटाकर 250 दिन कर दिया है। विजिटर वीजा मांगने वालों की संख्या बढ़ी है और अमेरिका में पढ़ने वाले दस लाख से ज्यादा विदेशी छात्रों में भी एक चौथाई से अधिक भारतीय हैं। ऐसे में छात्र वीजा भी बड़े पैमाने पर मांगे गए लेकिन रोजगार वीजा की मांग सबसे ज्यादा बनी हुई है। अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि हमारे लिए रोजगार वीजा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है, यही वजह है कि 2023 में भारतीयों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए 3,80,000 से अधिक रोजगार वीजा जारी किए गए।

### उत्तर कोरिया ने एक हफ्ते में तीसरी बार दागी कई अज्ञात क्रूज मिसाइलें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरिया ने मंगलवार को अपने पश्चिमी तट के पास समुद्र में कई अज्ञात क्रूज मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की सेना ने इस बात की पुष्टि की है। बता दें कि एक सप्ताह से भी कम समय में प्योंगयांग ने तीसरी बार क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया है। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा मिसाइलें सुबह करीब 7 बजे लॉन्च की गईं। इस टेस्टिंग के बाद दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी खुफिया अधिकारी स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। समाचार एजेंसी के मुताबिक, यह लॉन्च कोरियाई प्रायद्वीप पर बढ़ते तनाव और रविवार को प्योंगयांग द्वारा इसके पूर्वी तट पर दागी गई क्रूज मिसाइलों की एक और बमबारी के बाद हुआ है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया केसीएनए ने पिछले हफ्ते खबर दी थी कि देश ने एक नई रणनीतिक क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया है।

# Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# फसलों का अलग से न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रस्तावित करने के निर्देश

**समीक्षा**

## मुख्य विकास अधिकारी ने की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई एवं मत्स्य संपदा योजना की वार्षिक समीक्षा

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने मंगलवार को विकास भवन में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की वार्षिक समीक्षा करने के साथ ही अगले वर्ष के लिए प्रस्तावित विकास कार्य एवं प्रस्ताव सुने। कृषि, उद्यान, मत्स्य एवं लघु सिंचाई विभाग के प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा करने के साथ जनपद में योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए सुझाव भी लिए गए।

मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जिला सिंचाई योजना में 9.21 करोड़ रुपए के प्रस्ताव मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष रखे। मुख्य कृषि अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत कृषि विभाग, उद्यान विभाग एवं लघु सिंचाई संयुक्त रूप से फसलों का उत्पाद बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने फसल



वित्त मान निर्धारण 2024– 25 के प्रस्ताव रखे किए जिसपर जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति ने विभिन्न सुझाव पेश किए।

प्रभारी मत्स्य विभाग संजय बुटोला ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत करीब 3 करोड़ रुपए के प्रस्ताव पेश किए। जिसके अंतर्गत 50 टैंक निर्माण, कियोस्क निर्माण, मोटर साइकिल खरीद के लिए सहयोग करने सहित अन्य प्रस्ताव शामिल रहे।

मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने मुख्य कृषि अधिकारी को जनपद की फसलों का अलग से न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रुद्रप्रयाग एक ऑर्गेनिक जनपद है इसलिए जनपद में उत्पादित फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य इसी आधार पर होना चाहिए। इसके लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कृषि विभाग को घोड़े– खच्चरों को वित्तमान निर्धारण सूची में शामिल करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। वहीं मत्स्य विभाग को मछली उत्पादन बढ़ाने के साथ ही विपणन के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही बड़े किसानों के साथ छोटे किसानों का कलस्टर तैयार कर मछली उत्पादन बढ़ाने के प्रयास करने को भी कहा।

इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष रावत, जिला उद्यान अधिकारी योगेन्द्र चौधरी, अधिशासी अभियंता खुशवंत सिंह चौहान, निबंधक सहकारिता आरएस राणा, केवीके प्रभारी डॉ संजय सचान, लीड बैंक मैनेजर चतर सिंह, डॉ एनसी कंडारी, कृषक लीलानंद, कुंवर सिंह सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एव कृषक मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समितिने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर किया याद

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें अपने कार्यालय कांवली रोड पर याद किया। इस मौके पर समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि छुआछूत का अंत हो भाईचारा बना रहे तथा देश प्रगति की ओर अग्रसर रहे। 30 जनवरी के दिन राष्ट्रपिता को गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। राष्ट्रपिता को याद करने वालों में आरिफ वारसी ,प्रभात डंडरियाल ,प्रदीप कुकरेती, विपुल नौटियाल ,नवनीत गोसाई ,सुरेश कुमार ,अतुल शर्मा ,दानिश नूर,नूर नाज ,संदीप गुप्ता ,आदि उपस्थित रहे।

### नजूल भूमि पर निगम ने लगाया पाबंदी का नोटिस बोर्ड

**संवाददाता** हल्द्वानी। वनभूलपुरा क्षेत्र में नजूल भूमि पर किए गए निर्माण को ध्वस्त करने के बाद प्रशासन और नगर निगम की टीम मंगलवार को मौके पर पहुंची। कब्जा मुक्त कराई गई करीब 1 बीघा भूमि की खरीद–फरोख्त पर पाबंदी लगाए जाने का नोटिस बोर्ड लगाया गया। आठ माह पूर्व मलिक का बगीचा में नजूल भूमि से एक अतिक्रमण हटाया गया था। लेकिन इसके बावजूद वहां प्लॉटिंग की जा रही थी। यहां सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

### विशेषज्ञ हेल्थ मेले में 276 की जांच, 69 का हुआ अल्ट्रासाउंड

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में प्रति माह निर्धारित विशेषज्ञ हेल्थ मेले के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अगस्तयमुनि व जखोली में आयोजित विशेषज्ञ हेल्थ मेलों में 279 की जांच की गई, जबकि 69 ग्रामीणो को अल्ट्रासाउंड की सेवा प्रदान की गई। इस मौके पर 06 ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड व 02 ग्रामीणों की आभा आईडी जनरेट की गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा0 खुशपाल ने अवगत कराया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखोली में आयोजित विशेषज्ञ हेल्थ मेले में फिजीशियन डा. योगेश कुमार द्वारा 38, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा0 अंजलि द्वारा के 27, नाक, कान गला रोग विशेषज्ञ डा0 उज्जा रहमान द्वारा 10, स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ डा0 नागरगोजे द्वारा 21, बाल रोग विशेषज्ञ डा0 सूरज द्वारा 09, मनोरोग विशेषज्ञ डा0 सुमित काला द्वारा 02 व अस्थि रोग विशेषज्ञ डा0 आलोक कुमार द्वारा 40 मरीजों की जांच की गई, जबकि 40 लोगों का अल्ट्रासाउंड किया गया।

# दूरस्थ ग्रामीणों को सभी योजनाओं का लाभ मिले

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को उपलब्ध हो तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से '''सरकार जनता के द्वार''' कार्यक्रम के तहत मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में मंगलवार को विकासखंड ऊखीमठ के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिलौंड में उप जिलाधिकारी अनिल कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में '''ग्राम चौपाल कार्यक्रम''' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 15 समस्याएं दर्ज कराई गई। जिनमें 10 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ने सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को सभी योजनाओं का लाभ उपलब्ध हो तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आयोजित कर संचालित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को उपलब्ध हो सके।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कई महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित हो रही हैं जिसमें सरकार द्वारा हर वर्ग के लिए योजनाएं संचालित की जा रही हैं तथा ग्रामीणों एवं बेरोजगार युवाओं को उन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया जा रहा है।



### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दो मिनट का रखा मौन

**संवाददाता** चमोली। देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को जनपद में सभी सरकारी, अर्द्वसरकारी कार्यालयों में सुबह 11:00 बजे दो मिनट का मौन रखा गया। मौन धारण की सूचना के लिए सुबह 10:59 बजे सायरन बजाया गया और सभी गतिविधियां व काम रोककर शहीदों की स्मृति में मौन धारण किया गया। जिला कार्यालय, विकास भवन सहित जनपद के सभी तहसील एवं ब्लाक कार्यालयों में समस्त वरिष्ठ अधिकारियों एवं कार्मिकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रखते हुए शहीदों को श्रद्वाजंलि दी तथा आजादी को सहेजकर रखने में अपनी शहादत देने वाले शहीदों को भी नमन किया।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य केंद्रों में मनाया गया कुष्ठ उन्मूलन दिवस

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में जनपद के स्वास्थ्य केंद्रों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को 'कुष्ठ उन्मूलन दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मियों ने राष्ट्रपिता को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कुष्ठ रोगियों को मुख्य धारा में लाने के उनके संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया व कुष्ठ रोगियों के प्रति भेदभाव की भावना को समाप्त करने की प्रतीज्ञा ली। वहीं, नुक्कड़ नाटक के जरिए कुष्ठ उन्मूलन का संदेश भी दिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डॉ एचसीएस मर्तोलिया द्वारा

**'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान शुरू, 13 फरवरी तक चलेगा अभियान**

स्वास्थ्य कर्मियों को कुष्ठ रोगियों से भेदभाव की भावना के प्रति शून्य सहिष्णुता की शपथ दिलाई। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से कुष्ठ रोग के प्रति बापू की भांति स्नेह व सेवा भावना को आत्मसात करने की लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 09 लोग कुष्ठ पीड़ित हैं, जिनका निःशुल्क एमडीटी उपचार किया जा रहा है। आगामी 13 फरवरी तक जनपद में स्पर्श कुष्ठ उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा।

वहीं, सीएचसी अगस्त्यमुनि, सीएचसी जखोली, पीएचसी ऊखीमठ सहित विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में भी कुष्ठ उन्मूलन की शपथ ली गई। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में देवभूमि सांस्कृतिक कलामंच के कलाकारों द्वारा विद्या मंदिर इंटर कालेज बेलणी में नुक्कड़ नाटक के जरिए कुष्ठ रोग के लक्षण, कुष्ठ रोग को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांति, कुष्ठ रोग के उपचार व स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने कुष्ठ रोग मुक्त भारत की परिकल्पना पूर्ण करने के लिए समाज में छिपे कुष्ठ रोगियों को उपचार के लिए प्रेरित करने व कुष्ठ रोग के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने की अपील की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शशि मोहन उनियाल व शिक्षक मौजूद रहे।

### जल्द खत्म हो सकता है बारिश और बर्फबारी का इंतजार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में लगातार मौसम करवट बदल रहा है। पहाड़ से ज्यादा मैदानी इलाकों में ठंड पड़ रही है। कुमाऊं के पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर में सुबह–शाम अलाव जला रहे है। वहीं, पश्चमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने से मौसम में हुए बदलाव के बाद अब फरवरी शुरुआत में मैदानों में मौसम के करवट बदलने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बुधवार रात से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। वहीं, शहर में मौसम सुबह से ही गुनगुना रहा। पहाड़ों में भी धूप खिलने से मौसम सुहावना बना रहा जिससे लोगों को काफी राहत महसूस हुई। देहरादून मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि पश्चमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने से इस बार शुष्क मौसम बना रहा लेकिन अगले कुछ दिनों में परिवर्तन के आसार हैं।

*केवल आप ही अपना जीवन बदल सकते हैं, कोई दूसरा आपका जीवन नहीं बदल नहीं सकता!*
*–अज्ञात।*



विचार-प्रवाह देहरादून, बुधवार, 31 जनवरी 2024
पेज थ्री
www.page3news.in

# कर्ज कम करने का रास्ता

**पिछले 10 साल से कच्चे तेल की कीमत +100 प्रति बैरल से नीचे रही है, जो हमारे लिए फायदेमंद है। इसलिए चालू खाता घाटा (सीएडी) भी जीडीपी का 2 प्रतिशत से कम रहा है, लेकिन दूसरी तरफ सरकारों का कुल घाटा 9.4 प्रतिशत रहा है। यह काफी ज्यादा है।**

अनिल शर्मा।।

भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार तो अच्छी है, लेकिन इस पर ब्रेक लगने का खतरा मंडरा रहा है। अगर खतरे को खत्म नहीं किया गया तो फर्राटे भर रही अर्थव्यवस्था को झटका लग सकता है जो हमारे लिए बहुत बुरी खबर होगी। इसलिए सरकारों को इस ओर ध्यान देना ही होगा। हमारे देश भारत ने फिर से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का खिताब अपने नाम कर लिया है। ज्यादातर आर्थिक गतिविधियां सही रास्ते पर हैं। लेकिन समस्या ये है कि सरकार और राज्यों पर बहुत ज्यादा कर्ज हो गया है। अगर इसे कम नहीं किया गया तो हमें इस अच्छे मौके का पूरा फायदा नहीं उठा पाएंगे।

2019–20 में महामारी से पहले ही ये कर्ज बढ़ने लगा था जो तब से कम नहीं हुआ है। 2022–23 में सरकारों का कुल कर्ज सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 86.5 प्रतिशत था, जो पिछले 40 सालों में सबसे ज्यादा में से एक है। ये पिछले साल के 85.2 प्रतिशत से भी ज्यादा है।



भारत में आमतौर पर आर्थिक समस्याओं के साथ ऊर्जा की कीमतें भी बढ़ जाती हैं। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। पिछले 10 साल से कच्चे तेल की कीमत +100 प्रति बैरल से नीचे रही है, जो हमारे लिए फायदेमंद है। इसलिए चालू खाता घाटा (सीएडी) भी जीडीपी का 2: से कम रहा है, लेकिन दूसरी तरफ सरकारों का कुल घाटा 9.4 प्रतिशत रहा है। यह काफी ज्यादा है।

कर्ज ज्यादा होने का एक कारण ये भी है कि निजी कंपनियां मुट्ठी ठीक से खोल नहीं रही हैं। वो अर्थव्यवस्था में कम पैसा लगा रही हैं। बैंकों और कंपनियों ने अपने लोन कम कर दिए जिससे निजी निवेश कम हो गया है। इसी वजह से सरकार ने ज्यादा पैसा लगाकर अर्थव्यवस्था को बढ़ाने की कोशिश की।

फिलहाल कुल निवेश जीडीपी का केवल 32 प्रतिशत है, जबकि 2011–12 में ये 38–39 प्रतिशत था। पिछले दशक में सरकार ने ही ज्यादा निवेश किया है। अर्थव्यवस्था अब बेहतर होती दिख रही है। इस आधार पर निजी निवेश बढ़ना चाहिए, लेकिन अगर सरकार का कर्ज कम नहीं हुआ तो निजी कंपनियां ज्यादा ब्याज चुकाने के लिए मजबूर होंगी। तब निवेश और कम हो जाएगा।

आने वाले बजट में सरकारों को कर्ज कम करने का रोडमैप बताना चाहिए। यह निजी निवेश के लिए जरूरी है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो ज्यादा ब्याज दरें आर्थिक विकास की गति धीमी कर देंगी। पहले भी आर्थिक समस्याओं ने विकास की रफ्तार को धीमा किया है। सरकार और राज्यों को जल्दी कदम उठाना चाहिए ताकि ऐसा फिर ना हो।

## पतिव्रत धर्म

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।**
देवि पार्वती ने क्रुद्ध होकर सारा वृतांत भगवान विष्णु को सुनाया। जालंधर की पत्नी वृंदा अत्यन्त पतिव्रता स्त्री थी। उसी के पतिव्रत धर्म की शक्ति से जालंधर न तो मारा जाता था और न ही पराजित होता था। इसीलिए जालंधर का नाश करने के लिए वृंदा के पतिव्रत धर्म को भंग करना बहुत जरूरी था। इसी कारण भगवान विष्णु ऋषि का वेश धारण कर वन में जा पहुंचे, जहां वृंदा अकेली भ्रमण कर रही थीं। भगवान के साथ दो मायावी राक्षस भी थे, जिन्हें देखकर वृंदा भयभीत हो गईं। ऋषि ने वृंदा के सामने पल में दोनों को भस्म कर दिया। उनकी शक्ति देखकर वृंदा ने कैलाश पर्वत पर महादेव के साथ युद्ध कर रहे अपने पति जालंधर के बारे में पूछा।

## संपादकीय

### आत्मनिर्भर भारत

भारतीय मिट्टी में सल्फर की कमी को दूर करने की खोज में 'यूरिया गोल्ड' की कठिन यात्रा शुरू हुई और अब यह भारतीय कृषि क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही जरूरत को पूरा करने के लिए तैयार है। स्वदेशी रूप से उत्पादित 'यूरिया गोल्ड' का पर्यावरण पर पड़ने वाला सकारात्मक प्रभाव आने वाली पीढ़ियों के लिए टिकाऊ खेती और देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में काफी मदद करेगा। अंतिम उत्पाद 'यूरिया गोल्ड' जैसी दिखने वाली सफेद यूरिया प्रिल के ऊपर पीले सल्फर कोटिंग का एक अच्छा मिश्रण था। लिहाजा, सभी पहुलओं को ध्यान में रखते हुए यूरिया गोल्ड की 40 किलोग्राम की बोरी की कीमत अत्यधिक किफायती दर पर 266.50 रुपये रखने का निर्णय लिया गया। ध्यान रहे, यह 45 किलो वाली नीम कोटेड यूरिया नहीं है। यूरिया गोल्ड का स्वदेशी उत्पादन एक आत्मनिर्भर देश बनने की दिशा में भारत के प्रयासों के गौरवशाली इतिहास में एक और अध्याय जोड़ेगा।

**सरकार इस अस्थिरता का एक बड़ा हिस्सा सबसिडी के रूप में वहन करती है। ऐसे में किफायती सल्फर युक्त उर्वरकों का उत्पादन समय की मांग है।**

# पौधों का अमृत

एससी मुदगेरीकर।।

फसल की पैदावार और क्वॉलिटी बढ़ाने के लिए सल्फर एक जरूरी मैक्रोन्यूट्रिएंट है, जिसकी जरूरत तिलहन और दालों के लिए और भी अधिक है। भारतीय मिट्टी में सल्फर की भारी कमी है। सल्फर को अमोनिया, फॉस्फेटिक और पोटाश उर्वरक के साथ मिलाया जाता है। इसकी कीमत बहुत ज्यादा तो है ही, अस्थिर भी रहती है। सरकार इस अस्थिरता का एक बड़ा हिस्सा सबसिडी के रूप में वहन करती है। ऐसे में किफायती सल्फर युक्त उर्वरकों का उत्पादन समय की मांग है।

इसके लिए यूरिया के साथ मिश्रित सल्फर युक्त उर्वरक के एक आदर्श ग्रेड के स्वदेशी विकास की खोज यात्रा शुरू हुई। 'उर्वरक नियंत्रण आदेश' में उपलब्ध सल्फर युक्त उर्वरकों के विभिन्न ग्रेडों की गहन जांच के बाद यह महसूस किया गया कि 'नाइट्रोजन आधारित उर्वरक' की सबसे अच्छी स्वीकार्यता होगी। गोरखपुर, सिंदरी, बरौनी और रामागुंडम में बंद पड़े यूरिया संयंत्रों के पुनरुद्धार में सरकार की सक्रिय भूमिका के कारण हाल के दिनों में देश की मौजूदा यूरिया निर्माण क्षमता में प्रति वर्ष 50 लाख मीट्रिक टन से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, तालचर में रणनीतिक रूप से जरूरी कोयला गैसीकरण आधारित यूरिया



विनिर्माण संयंत्र का पुनरुद्धार भी प्रगति पर है, जिससे प्रति वर्ष 12.50 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त उत्पादन होगा।

17 प्रतिशत सल्फर और 37 प्रतिशत नाइट्रोजन के साथ सल्फर कोटेड यूरिया मिट्टी को नाइट्रोजन के अलावा जरूरी मैक्रोन्यूट्रिएंट सल्फर प्रदान करेगा। सल्फर अमीनो एसिड जैसे मेथिओनिन और सिस्टीन का एक जरूरी घटक है। पौधों में जड़ों की मजबूती और नोड्यूलेशन में इसकी प्रत्यक्ष भूमिका होती है। यह वनस्पति विकास को तेज करता है और पौधों में क्लोरोफिल के निर्माण को बढ़ाता है। इससे प्रकाश संश्लेषण होता है, जिससे पौधे स्टार्च, शर्करा, तेल, वसा, विटामिन और अन्य कम्पाउंड्स का उत्पादन करते हैं। नाइट्रोजन मेटाबॉलिज्म, एंजाइम गतिविधि, प्रोटीन और तेल संश्लेषण सहित पौधों में कई विकास कार्यों के लिए सल्फर जरूरी होता है।

एक बार जब उत्पाद शॉर्टलिस्ट हो गया, तो अगली चुनौती उसके उत्पादन को लेकर आई। हालांकि यह सब कागज पर आसान दिखता है, लेकिन बात जब वास्तविक उत्पादन की आती है, तो कई मुद्दों/समस्याओं का सामना करना पड़ता है। केंद्र सरकार के स्वामित्व वाली राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स में काम करने वाले हमारे वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीशियनों ने पिघले हुए सल्फर की तरलता, यूरिया के प्रिल आकार, स्प्रेयर के नोजल आकार, सही तापमान की पहचान और यूरिया प्रिल पर पिघले हुए सल्फर के एक समान छिड़काव के लिए पर्याप्त दबाव का इंतजाम किया। अब उत्पाद का मूल्य निर्धारण एक जरूरी निर्णय था। यह महसूस किया गया कि कम मात्रा में बेहतर उत्पादकता और उपज की क्वॉलिटी में सुधार के मामले में 'यूरिया गोल्ड' के लाभों के साथ, मूल्य निर्धारण को सल्फर युक्त अन्य उर्वरक ग्रेडों के तुलनात्मक स्तर पर रखा जाना चाहिए। लेकिन भारतीय मिट्टी में सल्फर की कमी को दूर करने और किसानों को नाइट्रोजन के साथ–साथ सल्फर के दोहरे लाभ वाले किफायती उर्वरक उपलब्ध कराना की सख्त जरूरत को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था।

### सूडोकू बवताल-5407

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू बवताल -5406 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

## अपना ब्लॉग

### अपने परिवेश को भी है बचाना

**मोहन।** नीति के अनुसार किसी भी उत्तराखंड निवासी को अपने घर में 50 लीटर तक शराब रखने का अधिकार मिल गया था जिसके लिए एक लाइसेंस उत्तराखंड सरकार से लेना प्रस्तावित था। धन्य हो महिला मंच जैसे जागरूक संघठन की जिन्होंने विरोध किया तो सरकार ने बहुत ही अच्छा निर्णय लेकर इस नीति को ही स्थगित कर दिया। हमें वास्तव में शराब, नशा , जुआ और अन्य समाज विरोधी गतिविधियों से खुद को बचाते हुए अपने परिवेश को भी बचाना है। एक अच्छा परिवेश विकसित मानसिकता को जन्मेगा। हमारे समाज में शराब, सिगरेट, तंबाकू का सेवन आजकल बहुत आम सा हो गया है, लेकिन इसके अलावा भी लोग अलग अलग तरह के नशे करते हैं, जिनमे शराब, अफीम, चरस, गांजा (भांग), हेरोइन व कोकेन जैसे घातक नशीले पदार्थ शामिल है। कुछ लोग खांसी के सिरप, आयोडेक्स और कुछ निद्राकारक गोलियों का इस्तेमाल नशे के रूप में करते हैं। इसके अलावा भी लोगों ने नशा करने के अलग अलग तरीके खोज रखे हैं जैसे कोई पेट्रोल सूंघकर नशा करता है, कोई थिनर सूंघ कर तो कोई सिलोचन (टायर पंचर जोड़ने वाला) से नशा करता है।





## अभिषेक कुमार के हारने पर फुकरा इंसान ने ले ली फिरकी

बिग बॉस 17 खत्म हो चुका है और मुनव्वर फारूकी विनर बनकर 50 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और एक फैंसी कार अपने नाम कर चुके हैं। हालांकि, सभी ने नतीजों को खुशी से एक्सेप्ट नहीं किया। कई लोग चाहते थे कि अभिषेक कुमार विनर बनें लेकिन ऐसा नहीं हुआ। श्बिग बॉस ओटीटी 2श के फाइनलिस्ट अभिषेक मल्हन भी उस सीजन में फर्स्ट रनर–अप थे। उन्होंने हाल ही में श्बिग बॉस 17श के फर्स्ट रनर–अप अभिषेक कुमार का नाम लेकर बड़ी ही मजाकिया बात कही है। फुकरा इंसान के नाम से मशहूर ने ट्विटर पर अपनी बात रखते हुए कहा कि अभिषेक नाम वाला कोई भी बंदा सलमान खान के सामने नहीं जीत ही नहीं सकता। उन्होंने आयुष्मान नाम रखकर बिग बॉस 18 में एंट्री लेने की बात कही। उन्होंने लिखा, सलमान भाई के सामने अभिषेक नाम का बंदा तो नहीं जीत सकता कभी। बीबी 18 में आयुष्मान नाम लेके एंटर करूंगा। यह बात उन्होंने बिग बॉस ओटीटी 2 में उनकी खुद की हार और बिग बॉस 17 में अभिषेक कुमार के दूसरे नंबर पर आने के बाद की है। बिग बॉस ओटीटी 2 में, अभिषेक मल्हान एक मजबूत दावेदार थे, लेकिन एल्विश यादव से हार गए। बिग बॉस 17श की बात करें, तो अभिषेक कुमार ने घर में अपने समय के दौरान उतार–चढ़ाव का सामना किया।

## अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 की दहाड़ में बचे हैं बस इतने दिन

कमाई के लिहाज से बॉक्स ऑफिस पर पिछले साल बॉलीवुड का खूब भौकाल रहा। बॉलीवुड की कई फिल्में इस तरह हिट हुईं कि इनके सामने साउथ की फिल्में कुछ खास कमाल कर नहीं पाईं। प्रभास की सलार और रजनीकांत की श्जेलरश जैली कुछ फिल्मों को छोड़ दें तो साउथ की लगभग कई बड़ी फिल्में कमाल नहीं दिखा पाईं। अब इस लंबे गैप के बाद एक बार फिर से पुष्पा का अगला वर्जन पुष्पा 2 लेकर तूफान मचाने आ रहे हैं अल्लू अर्जुन। अल्लू की इस फिल्म का पोस्टर सामने आ चुका है और इसी के साथ बॉक्स ऑफिस की दहाड़ अभी से सुनाई देने लगी है। हालांकि, इस फिल्म श्पुष्पा 2श के साथ बॉलीवुड की भी एक धाकड़ फिल्म इसे टक्कर देने की पूरी तैयारी में है। अल्लू अर्जुन स्टारर श्पुष्पा 2रू द रूलश साल 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। अल्लू की ये फिल्म 15 अगस्त, 2024 को रिलीज होने वाली है। फिल्म मेकर ने सोमवार को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए सिनेमा की रिलीज डेट से पर्दा उठाया है।

## शीना बोरा मर्डर केस का एक–एक पन्ना खोलेगी द इंद्राणी मुखर्जी स्टोरी



साल 2015 में, अपनी 25 वर्षीय बेटी शीना बोरा की हत्या के आरोप में फ्छ मीडिया की सीईओ इंद्राणी मुखर्जी की गिरफ्तारी से देश हैरान रह गया था। नेटफ्लिक्स ने द इंद्राणी मुखर्जी स्टोरीः बरीड ट्रुथ की घोषणा की है, जो एक डॉक्यू–सीरीज है जो इस निंदनीय मामले की कई परतें खोलेगी। रोंगटे खड़े कर देने वाली डॉक्यू–सीरीज का पहला पोस्टर 29 जनवरी को रिलीज किया गया है। साथ ही, अंदर रिलीज की तारीख भी दी गई है। पहला पोस्टर 29 जनवरी को रिलीज किया गया है। चार पार्ट में बनी डॉक्यू–सीरीज 2015 के सबसे सनसनीखेज शीना बोरा हत्याकांड की गहराई में उतरेगी। चौंका देने वाले ट्विस्ट के साथ ये डॉक्यूमेंट्री, सनसनीखेज पारिवारिक रहस्यों, गहरे रिश्तों, दबे हुए सीक्रेट्स और लाखों डॉलर रुपयों का पता लगाती है। द इंद्राणी मुखर्जी स्टोरीः बरीड ट्रुथ उस कुख्यात मामले को दिखाती है जो लगातार कई सालों तक चर्चे में बना रहा और अब भी इस पर बात होती है। द इंद्राणी मुखर्जी स्टोरीरू बरीड ट्रुथश सस्पेंस और चौंकाने वाले फैक्ट्स से भरी है। डॉक्यूमेंट्री सीरीज में इंद्राणी मुखर्जी, उनके बच्चों विधि मुखर्जी और मिखाइल बोरा, अनुभवी पत्रकारों और वकीलों को दिखाया गया है।

# जैकी श्रॉफ को नहीं आती थी एक्टिंग, ना ही बोल पाते थे डायलॉग


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*खलनायक, परदेस, ताल, राम लखन, सौदागर जैसी तमाम शानदार फिल्में बना चुके डायरेक्टर, प्रोड्यूसर सुभाष घई का एक इंटरव्यू सामने आया है। इसमें वह साल 1983 में आई फिल्म हीरो के बारे में बात कर रहे हैं, जिसे उन्होंने ही बनाया था और इसमें जैकी श्रॉफ को कास्ट किया था। डायरेक्टर ने बताया कि इसमें उन्होंने एक्टर को लॉन्च किया था। वह उनकी डेब्यू मूवी थी। हालांकि उन्होंने ये रिस्क क्यों लिया, किसी नामी चेहरे को कास्ट क्यों नहीं किया, इसका खुलासा किया है। सुभाष घई ने बताया कि उन्हें उनके दोस्त अशोक खन्ना ने जैकी श्रॉफ से मिलवाया था। श्वो मेरे घर में लेकर आया। कहा कि मॉडल टाइप का लड़का है। मिल लो। मैंने कहा ठीक है। मैंने जैकी को पूछा कि डांस आता है? तो उसने कहा नहीं। मैंने कहा गाना आता है? तो उसने कहा नहीं। एक्टिंग आती है? नहीं। सीधे बोला उसने। मुझे एक ये चीज पसंद आ गई। दूसरी ये कि मुझे उसके चेहरे पर वो इंटेंसिटी नजर आई, एक इंटेंसिटी होती है ना जिंदगी की.. थपेड़े खाए हुए जो लोग होते हैं, उनकी आखों में एक अलग दर्द होता है। वो फेस चाहिए था मुझको।*

**सुभाष घई ने रिकॉर्ड किया वीडियो**

सुभाष घई ने आगे बताया, मैंने एक छोटा सा वीडियो कैमरा लिया और उसे एक डायलॉग दिया। मैंने उनसे डायलॉग सीखने और घर पर ही बोलने को कहा। लेकिन उन्होंने कहा, मैं ये डायलॉग नहीं बोल पाऊंगा। मैंने कहा, यह डायलॉग मत बोलो, चलो बातें करते हैं। मैंने उससे बात करनी शुरू की और पूछा– तुम कहाँ रहते हो.. तुम्हारे पापा, मम्मी और भाई क्या करते हैं? उसने मुझे अपनी कहानी बताई कि कैसे उसका भाई किसी को बचाते समय समुद्र में डूब गया था। ये बताते ही वह सीरियस हो गया और उसकी आंखों में आंसू आ गए थे।



**जैकी श्रॉफ को बनाया हीरो**

सुभाष घई ने बताया, मैंने सब कुछ रिकॉर्ड किया और रात में अपने राइटर्स को 20 मिनट की रिकॉर्डिंग दिखाई। सभी ने उसको पसंद किया। दूसरे दिन मैंने उसको बुलाया। वो आया और मैंने कहा कि ये कहानी है और तुम मेरे हीरो हो पिक्चर के। तो वो शॉक्ड हो गया। बोला कि सर मेरे को एक्टिंग... मैंने कहा मुझे मालुम है कि नहीं आती है। पर तुम कर लोगे। ये उसका कॉन्फिडेंस था क्योंकि वो एक ईमानदार इंसान था।

**मिनाक्षी के साथ बनी जैकी श्राफ की जोड़ी**

सुभाष घई की फिल्म हीरो में जैकी श्रॉफ और मीनाक्षी शेषाद्रि ने अभिनय किया था और मुख्य भूमिका में जैकी की पहली फिल्म थी। डायरेक्टर ने बताया कि श्विधाता और कर्ज के बाद मैंने नए चेहरों के साथ एक फिल्म बनाने के बारे में सोचा। मैंने हीरो के लिए एक कहानी लिखी और एक नए लड़के और लड़की की तलाश शुरू कर दी थी। और फिर जैकी से मुलाकात हुई और उनको साइन कर लिया।

# अक्षय कुमार की बेटी नितारा को पालतू कुत्ते ने काटा

*बॉलीवुड एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना ने अपने एक कॉलम में बताया कि उनकी बेटी नितारा को पालतू कुत्ते ने दोनों हाथों में काट लिया है। जिसके बाद उनकी बेटी ने इसकी शिकायत नहीं की और इसे एक महज एक हादसा बताया। एक्ट्रेस ने कहा कि उनके पालतू कुत्ते का नाम फ्रेडी है और क्रिसमस के दौरान ये वाकया हुआ था।*



बॉलीवुड एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना ने एक इंटरव्यू में बताया कि क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान, उनकी बेटी नितारा को उनके पालतू कुत्ते ने दोनों हाथों पर काट लिया था। एक्ट्रेस ने अपने चचेरे भाई के पालतू कुत्ते फ्रेडी और उसके प्रति अपनी बेटी के लगाव के बारे में तसल्ली से बात की। ट्विंकल ने कहा कि नितारा ने रेबीज के तीन और टिटनेस का एक इंजेक्शन लगवाने के बाद भी अपने पालतू कुत्ते का बचाव किया और इसे एक दुर्घटना बताया। ट्विंकल खन्ना ने याद करते हुए कहा, इस क्रिसमस पर, किसी ने गलती से बच्चों (आरव और नितारा) के सामने चिकन की एक प्लेट रख दी, जबकि फ्रेडी आसपास था। वह प्लेट पर कूद पड़ा और टुकड़ों को निगलने लगा। मेरी 11 साल की बेटी को ये टेंशन थी कि कहीं फ्रेडी लकड़ी के साथ चिकन निगल न ले। उसने नुकीली चीज से उसे खींचने की कोशिश की। वह तो बचाव कर रही थी। मगर उसने उल्टा नितारा के दोनों हाथों को काट लिया।

कुत्ते के काटने के बाद नितारा का रिएक्शन

फ्रेडी द्वारा काटे जाने पर नितारा के रिएक्शन को याद करते हुए ट्विंकल ने लिखा, रेबीज के तीन शॉट और बाद में टेटनस का एक शॉट के बावजूद उसे कोई पछतावा नहीं। वह तो इसे एक दुर्घटना बताती है। कहती है कि फ्रेडी का इरादा मुझे काटने का नहीं था। और जब तक फ्रेडी ठीक है, तो इससे कोई फर्क भी नहीं पड़ता।

दो बच्चों की मां हैं ट्विंकल खन्ना

ट्विंकल ने कहा कि अगर उन्होंने अनजाने में बेटी की उंगलियां काट ली होतीं, तो न केवल लगातार आरोप लगते, बल्कि 20 साल बाद, यह उसकी थेरेपी सेशन के दौरान चर्चा का विषय भी होता। बता दें कि एक्ट्रेस का एक बेटा भी है, जिसका नाम आरव है और उसकी उम्र 21 साल है। अक्षय और एक्ट्रेस दोनों ही अपने बच्चों के साथ फोटोज शेयर करते रहते हैं।

# बोर्ड की परीक्षा में पढ़ने का ये तरीका है खतरनाक, पेपर देना होगा मुश्किल




### बेड पर बैठकर पढ़ना है गलत

पीएसआरआई अस्पताल के न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर कदम नागपाल बताते हैं कि इन दिनों में बच्चों में सिरदर्द, गर्दन दर्द, मांसपेशियों में दर्द, पैर, पीठ और कमर में दर्द की शिकायत शुरू हो जाती है। वह कहते हैं कि इसकी एक वजह बेड पर बैठकर पढ़ना भी है क्योंकि इससे गर्दन पर बहुत दबाव पड़ता है।

*पैरेंट्स की चिंता लाजिमी है लेकिन घंटों-घंटों बैठकर पढ़ने की वजह से कई बच्चों की फिजिकल फिटनेस पर भी असर पड़ रहा है। डॉक्टर्स के मुताबिक सारा दिन बैठकर पढ़ने की वजह से दर्द की शिकायत लिए बच्चे आने लगे हैं। ऐसे में पैरेंट्स को बच्चों का टाइम मैनेजमेंट कुछ इस तरह बनाना चाहिए जिसमें वह रिलैक्स भी कर सकें और आउटडोर एक्टिविटी भी।*

### घंटों लगातार पढ़ने से सिर, गर्दन और कमर में दर्द


10वीं क्लास के बोर्ड एग्जाम देने जा रहीं शीतल को पिछले कुछ दिनों से गर्दन में हल्का दर्द था, मगर अपनी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए वह लगातार पढ़ाई में लगी रहीं। जब दर्द असहनीय हो गया तो वह डॉक्टर के पास गईं। डॉक्टर ने बताया कि घंटों लगातार पढ़ने की वजह से यह दर्द हुआ है। मगर यह कहानी सिर्फ शीतल की नहीं है बल्कि लगातार पढ़ने वाले कई बच्चे इस तरह के दर्द से जूझ रहे हैं।

### परफॉर्मेंस पर भी नेगेटिव असर

घंटों लगातार बैठने से सिर्फ दर्द ही नहीं होता बल्कि एग्जाम में परफॉर्मेंस पर भी असर पड़ता है। एमएम पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल रूमा पाठक कहती हैं कि कुछ बच्चे पूरा-पूरा दिन पढ़ते हैं लेकिन फिर भी उनके मार्क्स अच्छे नहीं आते क्योंकि वह फोकस से नहीं पढ़ पाते हैं। एक दिन में एक सब्जेक्ट को दो घंटे भी अगर ध्यान से पढ़ा जाए तो वह काफी असरदार हो सकता है ना कि पूरा दिन बिना फोकस के पढ़ना। इसलिए पूरा दिन पढ़ने के बजाय ध्यान से पढ़ना ज्यादा जरूरी है।

### पढ़ाई के बीच ब्रेक और ८ घंटे की नींद जरूरी!

डॉक्टर्स का कहना है कि एग्जाम के इन दिनों में भी बच्चों के लिए रोज आउटडोर एक्टिविटी करना, टीवी देखना और पढ़ाई के बीच ब्रेक लेना जरूरी है। डॉक्टर कदम नागपाल कहते हैं कि एग्जाम के दिनों में फिजिकल एक्टिविटी बंद करना कोई समझदारी नहीं है। अगर बच्चे ने एक घंटे पढ़ाई की है तो 8-10 मिनट का ब्रेक जरूर ले। अगर कोई लगातार 4-5 घंटा पढ़ रहा है तो उसे एक घंटा खेलना चाहिए। आधा घंटा के लिए आउटडोर एक्टिविटी करना भी जरूरी है ताकि शरीर में किसी तरह का दर्द ना हो। रूमा पाठक कहती हैं कि इन दिनों में बच्चों पर प्रेशर बहुत ज्यादा होता है, ऐसे में स्टूडेंट्स के लिए 8 घंटे की नींद बहुत जरूरी होती है। साथ ही हर सब्जेक्ट के बीच ब्रेक जरूर लेना चाहिए।






## न दवा-न चीरा, किडनी की पथरी का चूरा बना देंगे बाबा रामदेव के देसी नुस्खे

किडनी में पथरी होना एक आम समस्या है, जो किसी को भी हो सकती है। किडनी में पथरी तब बनती है, जब मिनरलस और साल्ट सख्त होकर अंदर जमा हो जाते हैं और पेशाब के रास्ते बाहर नहीं निकल पाते। आपने खाने-पीने की आदतें, ज्यादा वजन होना, कुछ रोग और दवाएं किडनी की पथरी का कारण बनते हैं। किडनी की पथरी आपके मूत्र पथ के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकती है और यह एक दर्दनाक समस्या होती है। पथरी निकलना काफी दर्दनाक हो सकता है। पथरी के साइज के आधार पर आपको दवाएं या बहुत सारा पानी पीने की सलाह दी जा सकती है। अगर पथरी मूत्र पथ में फंस जाती है, ऐसे में सर्जरी की भी जरूरत पड़ सकती है। किडनी की पथरी तोड़ने की दवा क्या है? अगर आप किडनी की पथरी से जूझ रहे हैं और चाहते हैं कि सर्जरी की नौबत न आए, तो आप योग-गुरु बाबा रामदेव बताए कुछ आसान तरीके आजमा सकते हैं। छाछ पीने से आपको डिहाइड्रेशन से बचने में मदद मिलती है। छाछ में मौजूद कैल्शियम, पोटेशियम और फास्फोरस जैसे तत्व किडनी को ठीक से काम करने में मदद करते हैं और किडनी में पथरी होने से रोकते हैं। कुलथी दाल को हॉर्स ग्राम के नाम से भी जाना जाता है।

## ऐसे बदल डालें, छोटा सा चीर लगाकर लग जाएगी एकदम नए घुटने

रोबोटिक सर्जरी में शरीर पर न्यूनतम चीर-फाड़ की जाती है। इससे आसपास के टिशूज को कम नुकसान पहुंचता है। साथ ही इससे शरीर पर निशान भी कम दिखता है और घाव जल्दी से ठीक भी हो जाता है। साकेत स्थित मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सीनियर डायरेक्टर एंड हेड, ज्वाइंट रिकंस्ट्रक्शन यूनिट (नी एंड हिप) डॉ. रमणीक महाजन बताते हैं कि रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी अच्छी तकनीक है। रोबोट असिस्टेड सर्जरी मरीजों को उनकी सर्जरी के लिए कस्टमाइज नी (उनकी जरूरत के अनुसार विशेष रूप से डिजाइन किए घुटने) उपलब्ध कराती है, जिनकी फिटिंग और कार्यप्रणाली बहुत बेहतर होती है। यह नई तकनीक सर्जन को सटीक जगह पर कट लगाकर सर्जरी करने की सुविधा देती है, जिससे हेल्दी हड्डी, मुलायम टिश्यू और लिगामेंट्स को सुरक्षित रखने में मदद मिल सके। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद में डायरेक्टर एवं एचओडी-ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट डॉ. अनुराग अग्रवाल कहते हैं कि रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी में दर्द कम होता है, रिकवरी बहुत फास्ट होती है और रिजल्ट्स भी ज्यादा बेहतर आते हैं। सर्जरी करने के दौरान रोबोट पूरी तरह से सर्जन के कंट्रोल में होता है।

## कैंसर के मुंह में पहुंचा सकते हैं ये काम, इस तरीके से आलू पकाना भी खतरनाक






कैंसर एक खतरनाक बीमारी है जो शरीर को अंदर से खोखला बना देती है। इसमें कोशिकाएं असामान्य तरीके से बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर बन जाता है। धीरे-धीरे यह अपनी जगह से दूसरे अंगों तक फैल जाता है। कैंसर और लाइफस्टाइल के बीच गहरा संबंध है। इसलिए आप इसे सुधारकर इस गंभीर बीमारी का खतरा भी कम कर सकते हैं। हम जो फूड खाते हैं, उसका कैंसर के विकास पर असर पड़ सकता है। बेटरहेल्थ चौनल बताता है कि हाई एनर्जी और हाई फैट देने वाली डाइट से मोटापा बढ़ता है और इन्हें कुछ प्रकार के कैंसर का कारण भी माना जाता है। अगर आप इस बीमारी से बचना चाहते हैं तो कुछ काम करने से बचना चाहिए जिसमें गलत तरीके से आलू खाना भी शामिल है। कैंसर के बारे में जागरुकता फैलाने की दिशा में एक वेबिनार का आयोजन कर रहा है। इस वेबिनार में, विशेष रूप से कैंसर से संबंधित मुद्दों पर जाने-माने एक्सपर्ट्स से बात की जाएगी। मेडिथॉन का उद्देश्य कैंसर के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करना है, जिसमें डॉक्टर्स का पैनल इस बीमारी के लक्षण, कारणों, बचाव और इलाज के बारे में सही सलाह देगा। यह जानकर हैरानी होगी कि आलू खाने से कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। इसमें एक्रिलामाइड नाम का केमिकल होता है और नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के मुताबिक इसमें कैंसर बनाने की क्षमता होती है।


# सर्दी में बच्चों के गले से कान तक फैलती है यह बीमारी

*सर्दी में बच्चों को होने वाली गले की खराश का बच्चों के कानों पर भी बुरा असर पड़ता है। इसकी वजह से ठंड में अस्पतालों के ईएनटी डिपार्टमेंट में मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। खासकर, 6 महीने के बच्चों से लेकर 24 महीने तक के बच्चों में एक्यूट ओटाइटिस मीडिया (एओएम) की परेशानी ज्यादा मिलती है। कई बार संक्रमण बढ़ने की वजह से बच्चों के कान के पर्दे तक फटने का डर रहता है। सफदरजंग अस्पताल में गेस्ट डॉक्टर के तौर पर आने वाले ईएनटी कंसलटेंट सर्जन डॉ. कृष्ण राजभर ने बताया कि सर्दी में छोटे बच्चों में गले का इंफेक्शन बहुत सामान्य होता है, क्योंकि उनमें इस समय बीमारी से लड़ने की क्षमता विकसित हो रही होती है। यही वजह है कि उन्हें संक्रमित बीमारी बहुत ही आसानी से हो जाती है। विशेष रूप से स्कूल जाने वाले बच्चों (5 से 10 साल) में संक्रमित बीमारी होने का डर ज्यादा रहता है। अगर गले के इंफेक्शन पर समय से ध्यान ना दिया जाए तो इससे कान तक संक्रमण फैलने का डर बना रहता है।*

### गले से बैक्टीरिया कान तक पहुंच सकता है

दरअसल, हमारे शरीर में एक यूस्टेशियन ट्यूब होती है, जो गले, कान और मुंह को जोड़ती करता है। इसी ट्यूब के जरिए गले से बैक्टीरिया कान तक पहुंच जाता है और अगर समय से इसका पता नहीं चलता तो कान के पर्दे में छेद होने का डर भी रहता है। कई बार बड़ा छेद हो जाता है, तो उसे बंद करने के लिए सर्जरी तक करनी पड़ती है। ऐसे में जरूरी है कि गले में इंफेक्शन ठीक किया जाए। उन्होंने बताया कि सर्दियों में एओएम के मामले 30 से





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

40 फीसदी बढ़ जाते है। इसके अलावा साइनसाइटिस की समस्या भी ज्यादा देखने को मिलती है। इसके साथ ही प्रदूषण की वजह से एलर्जिक फैरिन्जाइटिस जैसी बैक्टीरियल इंफेक्शन के मामले भी बढ़ जाते हैं।

### हवा में घूम रहें हैं वायरस और बैक्टीरिया

मधुकर रेनबो चिल्ड्रन हॉस्पिटल के ईएनटी डिपार्टमेंट के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. अनूप सभरवाल के अनुसार, सर्दी में सांस संबंधित बीमारियों का लगातार फैलना छोटे बच्चों के लिए हानिकारक हो सकता है। सर्दी देर से शुरू होने के बावजूद भी 2023 में बच्चों में कान के संक्रमण में बढ़ोतरी देखी गई।
हवा में सांस संबंधित वायरस के कारण ज्यादातर बच्चे वायरल बुखार से पीड़ित हुए, जिससे कान में संक्रमण होने का खतरा बढ़ा है। वातावरण में वायरस और बैक्टीरिया के कण बच्चों में कान के संक्रमण का मुख्य कारण हैं। बच्चों में कान के पर्दे के पीछे हो रहे संक्रमण में कान में दर्द होना ही इसका लक्षण है।

### ये होते हैं शुरुआती लक्षण

डॉ. अनूप ने बताया कि हम पैरेंट्स को सुझाव देते हैं कि बच्चों में सर्दी, खांसी और कान दर्द जैसे शुरुआती लक्षणों का पता चलने पर सावधानी बरतें ताकि हफ्तों तक रहने वाले संक्रमणों से बचा जा सके। अगर कान के संक्रमण का इलाज समय पर नहीं किया जाए तो यह कई समस्याओं का कारण बन सकता है, जैसे सुनने की परेशानी, सामाजिक विकास में देरी, कान का पर्दा फटना और संक्रमण का दिमाग तक फैलाना आदि। डॉक्टर ने बताया कि कान के दर्द और संक्रमण से निपटने के लिए कुछ घरेलू उपचारों पर ध्यान देना जरूरी है। संक्रमित कान में हीट पैड से सिकाई कर असुविधा से छुटकारा पाने में मदद मिल सकती है। हालांकि, यह सलाह दी जाती है कि घरेलू उपचार को अस्थाई रूप में ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए।



ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का दबदबा

# दीप्ति शर्मा और रेनुका सिंह को हुआ जबरदस्त फायदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा आईसीसी द्वारा जारी ताजा महिलाओं की टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में गेंदबाजों में दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। दीप्ति शर्मा पाकिस्तान की बाएं हाथ की स्पिनर सादिया इकबाल के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर काबिज हो गई हैं। इंग्लैंड की लेग स्पिनर साराह ग्लेन को एक स्थान का फायदा हुआ और वो रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गईं हैं। रेनुका सिंह को 10 स्थान का फायदा हुआ है। दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 इंटरनेशनल सीरीज चल रही है, जिसके कारण रैंकिंग में काफी बदलाव हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड ने छह स्थान की छलांग लगाई और वो 34वें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की मारिजाने कैप 40वें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की स्टार विकेटकीपर बैटर बेथ मुनी ने महिलाओं की टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। उन्होंने इसी महीने में दो अर्धशतक जमाए हैं। मुनी ने भारत के खिलाफ तीसरे व अंतिम मुकाबले में 45 गेंदों में नाबाद 52 रन बनाए थे। फिर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने सीरीज के उद्घाटन मैच में नाबाद 72 रन की उम्दा पारी खेली। महिलाओं की टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में बैटर्स में मैक्ग्रा दूसरे स्थान पर काबिज हैं। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोलवार्ड ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। वोलवार्ड ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में छह विकेट से जीत दिलाकर इतिहास रचा। दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार महिला क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया को टी20 इंटरनेशनल मैच में मात दी थी।

# सरफराज खान भारतीय टीम में आ तो गए लेकिन खेलना मुश्किल

**क्रिकेट**

## भारत-ए की ओर से दमदार प्रदर्शन, प्लेइंग इलेवन में जगह मिलेगी?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पिछले कुछ सीजन से डोमेस्टिक सर्किट में दमदार प्रदर्शन कर टीम इंडिया के दरवाजे पर दस्तक दे रहे सरफराज खान की टीम इंडिया में एंट्री हो गई है। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 69.85 के आकर्षक औसत के साथ रन बना रहे सरफराज को नजरअंदाज करने का आरोप झेल रहे चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम की घोषणा की। टीम में यूपी के स्पिनर सौरभ कुमार को भी रखा गया है।

ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और बल्लेबाज लोकेश राहुल चोटिल होने के कारण 2 फरवरी से शुरू होने वाले टेस्ट की टीम में जगह नहीं बना सके हैं। जडेजा को पहले टेस्ट के दौरान पैर की मांसपेशियों में चोट लगी थी जबकि राहुल ने दाईं जांघ में दर्द की शिकायत की है। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर को भी दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।



सरफराज खान टीम इंडिया में शामिल तो हो गए हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह मिलेगी? वॉशिंगटन सुंदर के पास चार टेस्ट का अनुभव है। उनका प्रदर्शन भी ठीक ठाक रहा है। वह जडेजा की जगह इलेवन में शामिल हो सकते हैं, लेकिन केएल राहुल की जगह किसे शामिल किया जाएगा इसके लिए इंतजार करना होगा। सरफराज टीम में जगह पाने के हकदार हैं, लेकिन विशाखापत्तनम में रजत पाटीदार के पदार्पण करने की संभावना ज्यादा है जो पहले ही भारत की 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। अगर टीम का थिंक टैंक चाहे तो सरफराज को खराब लय में चल रहे श्रेयस अय्यर या शुभमन गिल की जगह उतारा जा सकता है। सरफराज को अभी मौका नहीं मिला तो फिर सिर्फ पंद्रह में रखने का कोई मतलब नहीं होगा।

सरफराज ने कुछ दिनों पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भी शानदार शतक जड़ा था। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ चार दिवसीय अनाधिकारिक टेस्ट मैच में सरफराज ने भारत–ए की ओर से 95 रन और 160 गेंद पर 161 रन की पारी खेली थी। फर्स्ट क्लास में उनके नाम 14 शतक हैं। इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत–ए की ओर से पांच विकेट लेने वाले सौरभ भी लय में नजर आ रहे हैं।

# बेटे जोरावर से बात करने को तरस रहे शिखर धवन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज शिखर धवन का करियर और निजी जिंदगी दोनों इन दिनों ट्रैक पर नहीं चल रहे है। भारतीय टीम से बाहर चले धवन का वाइफ आयशा से तलाक हो चुका है। इसके बाद से गब्बर अपने बेटे जोरावर से भी नहीं मिल पा रहे हैं।

जोरावर के जन्मदिन पर धवन ने एक भावुक पोस्ट शेयर किया था, जो खूब वायरल भी हुआ था। गब्बर को फैन्स का भी भरपूर सपोर्ट मिला था। इस बीच, धवन ने बताया है कि वह पोस्ट उन्होंने सिर्फ अपना प्यार जाहिर करने के लिए शेयर किया था।

दरअसल, शिखर धवन ने बेटे जोरावर के लिए जन्मदिन पर

■बेटे के लिए भावुक हुए धवन, उम्मीद नहीं था वायरल होगा पोस्ट

दिल छू लेने वाला पोस्ट शेयर किया था, जो काफी वायरल हुआ था। धवन का कहना है कि उनको इस बात का एहसास नहीं था कि वह पोस्ट वायरल हो जाएगा। धवन ने एक खेल प्लेऑफ के जरिए बताया है कि क्यों उन्होंने वो पोस्ट क्यों शेयर किया था।

धवन ने कहा, मैं दर्द में नहीं हूं। मैं सिर्फ अपने विचार शेयर कर रहा हूं। पांच महीने हो गए हैं मेरे उससे बात हुए। मैं सिर्फ अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहा हूं। मैं एक भावुक इंसान हूं और मैं अपने बेटे को प्यार भेजने की कोशिश कर रहा हूं, क्योंकि अगर मैं उसको सोचकर दुखी हो जाऊंगा, तो उससे पास निगेटिव एनर्जी जाएगी। मुझे



इस बात का एहसास नहीं था कि यह पोस्ट वायरल हो जाएगा। मैंने यह पोस्ट दिल से लिखा था।

भारतीय बल्लेबाज ने आगे कहा, मैंने यह पोस्ट इस उम्मीद से लिखा था कि टेक्नोलॉजी के इस दौर में मेरा बेटा शायद इस पोस्ट को पढ़ सके। वो चाहे जहां हो, मैं उम्मीद करता हूं कि वह खुश हो और एक दिन वो मुझसे आकर मिलेगा। मैं उसके प्यार में हूं, लेकिन मैं हम एक–दूसरे से अलग हैं। मैं उसको पुश नहीं करना चाहता हूं।

## भारतीय टीम में चुने जाने पर सौरभ कुमार हुए गदगद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए कुछ बदलाव किए हैं। रवींद्र जडेजा और केएल राहुल चोटिल होने के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। भारतीय टीम ने तीन खिलाड़ियों सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया है। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट 2 फरवरी से विशाखापट्टनम में शुरू होगा। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने भारतीय टीम में चुने जाने पर खुशी व्यक्त की। पीटीआई के हवाले से उत्तर प्रदेश के 30 साल के गेंदबाज सौरभ कुमार ने कहा कि भारतीय टीम का हिस्सा बनना उनका सपना था और उन्होंने साथ ही कहा कि उनके पास कुछ अनुभव भी है। सौरभ कुमार ने कहा भारतीय टीम का हिस्सा बनना मेरा हमेशा से सपना था। मेरा मतलब है कि किस क्रिकेटर का यह सपना नहीं होगा? इसके लिए कई चीजें एकसाथ आने की जरुरत है। मगर मेरे पास अनुभव है।

## न्यूज डायरी




## भारतीय विकेटकीपर केएस भरत ने चिरंजीवी से मुलाकात की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज केएस भरत ने हाल ही में महान तेलुगु फिल्म स्टार चिरंजीवी से हैदराबाद में मुलाकात की। भरत ने चिरंजीवी को अपनी टेस्ट जर्सी तोहफे के रूप में भेंट की। इस मौके पर भरत ने चिरंजीवी को भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित होने पर शुभकामनाएं दीं। इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद टेस्ट में भारतीय टीम की प्लेइंग 11 का हिस्सा रहे केएस भरत ने चिरंजीवी के सिनेमा में योगदान के लिए अपनी तारीफ व्यक्त करने का यह मौका लिया। भरत और चिरंजीवी का भारतीय टेस्ट टीम की जर्सी के साथ फोटो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। चिरंजीवी का तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में काफी दबदबा है। वैसे, उन्होंने तेलुगु के अलावा हिंदी, तमिल और कन्नड़ भाषा में भी अपनी एक्टिंग की छाप छोड़ी। 1983 में खैदी फिल्म से चिरंजीवी ने स्टारडम पाना शुरू किया। वो देखते ही देखते राष्ट्रीय सनसनी बन गए। अपने दमदार प्रदर्शन और स्क्रीन पर शानदार अभिनय के कारण चिरंजीवी को मेगास्टार का खिताब मिला। भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए चिरंजीवी को पद्म विभूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। केएस भरत अभी टेस्ट क्रिकेट में नए हैं, लेकिन उन्हें खुद को साबित करने की जरुरत है। विकेटकीपर बल्लेबाज ने अब तक 6 टेस्ट की 10 पारियों में 198 रन बनाए हैं। वो एक बार भी 50 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 44 रन है।

## हार्दिक पांड्या ने की अर्शिन कुलकर्णी की जमकर तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अंडर 19 विश्व कप में बल्ले से जमकर धमाल मचा रहे भारत के युवा बैटर अर्शिन कुलकर्णी की हार्दिक पांड्या ने जमकर तारीफ की है। अर्शिन ने अमेरिका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक ठोका था। अर्शिन ने 118 गेंदों का सामना करते हुए 108 रन की दमदार पारी खेली थी, जिसके बूते भारतीय टीम ने अमेरिका को 201 से रौंदा था। हार्दिक पांड्या ने अमेरिका के खिलाफ अर्शिन कुलकर्णी द्वारा खेली गई शतकीय पारी की जमकर तारीफ की। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, ‘अर्शिन कल आपका प्रदर्शन लाजवाब रहा। बहुत बधाई और भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं। आपने जर्सी नंबर काफी अच्छा चुना है।’ बता दें कि अर्शिन और हार्दिक की जर्सी का नंबर एक ही है। दोनों ही खिलाड़ी 33 नंबर की जर्सी पहनते हैं। हार्दिक इन दिनों अपनी इंजरी से उबर रहे हैं और हाल ही में वह गेंदबाजी करते हुए नजर आए थे। अर्शिन कुलकर्णी का रिकॉर्ड घरेलू क्रिकेट में भी बेहद शानदार रहा है। महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में अर्शिन ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 54 गेंदों पर 117 रन की विस्फोटक पारी खेलकर खूब वाहवाही बटोरी थी। अर्शिन ने अपनी इस पारी के दौरान 90 रन सिर्फ चौके–छक्कों से बटोरे थे। अर्शिन दमदार बल्लेबाजी करने के साथ–साथ गेंद से भी बेहद कारगर साबित होते हैं।

## आईएल टी–20 लीग में खेलते दिखाई नहीं देंगे शमर जोसेफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज को गाबा के मैदान पर ऐतिहासिक जीत दिलाने वाले शमर जोसेफ इंटरनेशनल टी–20 लीग में अपने जौहर दिखाते हुए नजर नहीं आएंगे। अंगूठे की इंजरी की वजह से शमर इस लीग में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। कैरेबियाई गेंदबाज अब डायरेक्ट अपने घर के लिए रवाना होगा, जहां वह इंजरी से रिकवर होने के बाद पाकिस्तान सुपर लीग में हिस्सा लेंगे। अंगूठे की इंजरी की वजह से शमर जोसेफ आईएल टी–20 लीग में अपनी गेंदबाजी से धमाल मचाते हुए नजर नहीं आएंगे। दरअसल, शमर को यह इंजरी ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के दौरान लगी थी। बल्लेबाजी करते हुए मिचेल स्टार्क की घातक यॉर्कर सीधा शमर जोसेफ के अंगूठे पर आकर लगी थी, जिसके बाद वह बेहद दर्द में दिखाई दिए थे। शमर को मैदान छोड़कर जाना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया का दौरा खत्म होने के तुरंत बाद शमर को आईएल टी–20 लीग में दिल्ली कैपिटल्स की टीम से जुड़ना था, लेकिन इंजरी की वजह से अब वह घर लौटेंगे। गाबा के मैदान पर खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में शमर जोसेफ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यादगार स्पेल फेंकते हुए वेस्टइंडीज को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी।

# हमारा दून

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सीएम धामी।



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया।

### गौशाला में व्यवस्थाओं की जांच को कड़वापानी पहुंची टीम

**संवाददाता** देहरादून। जिला प्रशासन के निर्देश पर गठित जांच समिति में शामिल अधिकारियों ने मंगलवार को कड़वापानी स्थित गौशाला में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सूत्रों के मुताबिक यहां कई तरह की कमियां मिली हैं। जिसकी विस्तृत रिपोर्ट जल्द जिलाधिकारी सोनिका को सौंपी जाएगी। इसके अलावा नवादा स्थित गौशाला में फिलहाल नगर निगम की टीम गौवंश की देखरेख कर रही है, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विद्यासागर कापड़ी ने बताया कि यहां वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ डीसी तिवारी निरंतर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि कड़वापानी में जल्द किसी अनुभवी एनजीओ को गौशाला के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा गौशालाओं के बेहतर संचालन के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा।

### नेपाल खेलने जाएगी डीएफए की टीम

**संवाददाता** देहरादून। डीएफए की टीम नेपाल में होने वाले इंटरनेशनल मास्टर्स फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 में प्रतिभा करेगी। उत्तरांचल प्रेस क्लब में मंगलवार को हुई प्रेसवार्ता में कोच विरेंद्र रावत ने बताया कि पोखरा नेपाल में 04 से 10 फरवरी तक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता होनी है। इसमें 40 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुए ट्रायल के आधार पर ऑफिसियल और खिलाड़ियों को मिलाकर 24 सदस्यों का चयन किया गया है।

### राज्य स्तरीय मीडिया कार्यशाला का हुआ आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी वी षणमुगम की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में राज्य स्तरीय मीडिया कार्यशाला 2024 का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री वी षणमुगम ने कहा कि निर्वाचन के दौरान मतदाता जागरुकता बढ़ाने, मतदान प्रतिशत बढ़ाने, जनमानस को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने में मीडिया का अत्यंत महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व है। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भी कहा गया है। अधिक से अधिक लोगो को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने में मीडिया अपनी रचनात्मक भूमिका निभाएगा ऐसी आशा है।

## विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लाया जाए सरलीकरण: गैरोला

**बैठक**

■ उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला ने की जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ 20-सूत्री कार्यक्रम की बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। ऋषिपर्णा सभागार कलैक्ट्रेट परिसर में उपाध्यक्ष 20–सूत्री कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन समिति, उत्तराखण्ड ज्योति प्रसाद गैरोला की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ 20–सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आहूत की गई है। अक्टूबर माह में 20 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा में जनपद देहरादून के प्रथम आने पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं उनकी टीम को बधाई दी तथा आगे आने वाले समय जहां थोड़ी कमियां है उनमें सुधार किये जाने पर बल दिया। इस अवसर पर 20–सूत्रीय कार्यक्रम की नई वेबसाईट की प्रदर्शित की गई, जिसमें राज्य, जनपद एवं विकासखण्ड स्तर पर विभागवार योजनाओं की प्रगति देखी जा सकेगी।



उपाध्यक्ष 20–सूत्री कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन समिति, उत्तराखण्ड ने विभागों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सरलीकरण लाया जाए ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके तथा माईक्रो स्तर पर योजनाओं की प्रगति को बढाने के प्रयास किये जाएं। उन्होंने सरकार की ध्वजवाहन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही योजनाओं में सफलता की कहानियों के वीडियोफोटो बनाते हुए प्रदर्शित करने पर बल दिया ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो तथा वे भी योजनाओं से लभान्वित होने के लिए प्रेरित हो सकें।

उन्होंने कहा कि अधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लक्ष्य तक ही सीमित न रहे, बल्कि योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारें, ताकि योजनान्तर्गत किये गए कार्य प्रासंगिक हों तथा लम्बे समय तक प्रभावी रहे। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि आने वाले समय में पानी की सबसे बड़ी चुनौती है, इसके लिए सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय से जल स्त्रोत को पुनर्जीवन एवं रिचार्ज रखने हेतु मिलकर कार्य करें।

उपाध्यक्ष 20–सूत्री कार्यक्रम एवं कार्यान्वयन समिति, उत्तराखण्ड ने कहा कि अभी तक जिलों की रैकिंग करते हैं, अब ब्लॉक स्तर की रैकिंग का सुझाव प्राप्त हुआ है, जिससे प्रदेशभर के विकासखण्डों का डाटा प्राप्त हो सके, जिससे यह भी जानकारी प्राप्त हो सके कि किन विकासखण्डों में योजनाओं का प्रभाव एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में कमी है। ऐसे जगहों पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सुधार किया जा सके। सूचना प्रौद्यागिकी विभाग के सहयोग से 20 सूत्रीय कार्यक्रम की नई वेबसाईट तैयार की गई है जिसको प्रदर्शित किया गया। वेबसाईट में योजनाओं की राज्य, जिला एवं विकासखण्डवार प्रगति आनलाईन देखी जा सकेंगी।

### शिक्षकों ने शुरू किया क्लस्टर स्कूल व्यवस्था का विरोध

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश सरकार की ओर से प्रस्तावित क्लस्टर स्कूल व्यवस्था का शिक्षकों ने विरोध शुरू कर दिया है। राजकीय शिक्षक संघ ने इसे गलत प्रयोग बताते हुए वापिस लेने की मांग की। संघ के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सरियाल ने कहा कि ये प्रयोग भी विभाग के अन्य प्रयोगों की तरह फेल साबित होगा। कहा कि वर्तमान स्कूल की भौगोलिक परिस्थितियों को नवीन क्लस्टर स्कूल कैसे पूर्ण करेंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि गलत दूरी दिखाकर स्कूलों को क्लस्टर में शामिल करना अनुचित है। जिन स्कूलों को क्लस्टर बनाया गया वहां पर सुविधाओं का अभाव है। अधिक छात्र संख्या का दबाव ये स्कूल झेलने मे सक्षम नहीं है।

भविष्य में स्कूलों को बंद करने की किसी भी योजना का राजकीय शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल शाखा पुरजोर विरोध करेगी। संघ के मंडल प्रवक्ता पूरण चंद्र धस्माना ने कहा कि स्कूलों के बंद होने के पीछे वहां समय पर पुस्तकें न भेजना शिक्षक और प्रधानाचार्य की कमी और जरूरी संसाधनों का अभाव सबसे बड़ा कारण हैं। इन्हें दूर करने पर सरकार को ध्यान देना होगा।

## पंचायत भवन निर्माण का बजट दोगुना किए जाने की तैयारी

**निर्देश**

■पंचायतीराज मंत्री ने आवंटित धनराशि को समय पर खर्च करने दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। पंचायत भवन बनाने का बजट दोगुना किया जा सकता है। इसके साथ ही सरकार पंचायतों को 29 विषय हस्तांतरित किए जाने के लिए आगामी विधानसभा सत्र में संकल्प प्रस्तुत करेगी।

पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को पंचायतीराज निदेशालय में विभागीय समीक्षा बैठक में भारत सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग के लिए आवंटित धनराशि को समय पर खर्च करने निर्देश दिए। बैठक में पंचायत भवन निर्माण के लिए केंद्र सरकार के स्तर से आवंटित 10 लाख की राशि को बढ़ाकर 20 लाख किए जाने पर भी विचार किया गया, हालांकि इस पर अंतिम निर्णय नहीं हो पाया।



मंत्री सतपाल महाराज ने अधिकारियों को पंचायतों से संबंधित 29 विषयों को त्रिस्तरीय पंचायतों को हस्तांतरित किए जाने का संकल्प भी आगामी विभानसभा सत्र में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत लगभग 40 हजार जन प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कराया जा चुका है, जबकि 450 जनप्रतिनिधियों को एक्सपोजर विजिट के तहत अन्य राज्यों की उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को भ्रमण कराया गया। महाराज ने पंचायती राज विभाग के कार्मिकों के लिए केडिट कार्ड बनाने के भी निर्देश दिए।

बैठक में निदेशक निधि यादव, मुख्य वित्त अधिकारी शशि सिंह, संयुक्त निदेशक राजीव कुमार नाथ त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक हिमाली जोशी पेटवाल, उप निदेशक मनोज कुमार तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी पूनम पाठक सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

### गांधी के शहादत दिवस पर शहीद मार्च निकाला

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर विभिन्न संगठनों ने शहीद मार्च निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही सर्वधर्म प्रार्थना सभा कर एकता का संदेश दिया और महात्मा गांधी के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। जीतेगा भारत, हारेगी नफरत अभियान के तहत उत्तराखंड इंसानियत मंच समेत विभिन्न संगठनों के लोग मंगलवार को गांधी पार्क में जुटे और मौन श्रद्धांजलि दी। उन्होंने राजपुर रोड, घंटाघर, वापस राजपुर रोड, गांधी पार्क तक शहीद मार्च निकाला। इस दौरान मंच के डॉ. रवि चोपड़ा और उत्तराखंड महिला मंच की कमला पंत ने कहा कि देश आज ऐसे दौर में पहुंचाया जा चुका है, जहां जरा सी भी चूक से संविधान के सामने संकट पैदा हो सकता है। सीपीआई एमएल के इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि देश की सत्ता में जो लोग बैठे हैं, वे गांधी को नहीं बल्कि उनके हत्यारे गोडसे को मानते हैं।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।